# डीएलएड 2025 प्रवेश हेतु सामान्य दिशा निर्देश

यह दिशा निर्देश केवल उन प्रशिक्षुओं के लिए है जिनको डायट सहारपुर आवंटित हो चुका है।

# सबसे पहले निम्न की जांच करें

- क्या आपका स्नातक का परीक्षा परिणाम 18 दिसम्बर 2025 से पूर्व का है? यदि हां तो आप प्रवेश के लिए अर्ह हैं। यदि आपका स्नाातक का परीक्षा परिणाम 18 दिसम्बर 2025 के बाद घोषित हुआ है तो आप प्रवेश के लिए अर्ह नहीं होंगे।
- क्या आपक पास सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उत्तर प्रदेश का स्थायी निवास प्रमाण पत्र है? यदि हां तो प्रवेश के लिए पात्र हैं। अन्यथा नहीं।
- यदि आप महिला अभ्यर्थि हैं और और आपको आरक्षित सीट आवंटित हुई है तो क्या आपक पास पिता पक्ष की ओर से सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत आरक्षण प्रमाण है? पति की ओर से बना आरक्षण प्रमाण पत्र मान्य नहीं है।
- समस्त आरक्षण एवं अन्य प्रमाण पत्र 18 दिसम्बर 2025 के पूर्व बने होने चाहिए।

# प्रवेश के दौरान आवश्यक प्रपत्र

- प्रशिक्षु द्वारा हाथ से भरा हुआ निर्धारित प्रारुप पर आवेदन पत्र। – दो प्रति।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र। – दो प्रति।
- आनलाइन अलाटमेन्ट लेटर फीस की रसीद – दो प्रति में।
- 10वीं के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी। – दो प्रति।
- 12वीं के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी । – दो प्रति।
- यदि आरक्षित सीट यथा ओबीसी, एससी, इकानामिक विकर सेक्शन, या विकलांग आरक्षण आवंटित हुई है तो सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत आरक्षण प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी। – दो प्रति।
- निवास प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी । – दो प्रति।
- अन्तिम संस्था जिसमें अध्ययन किया है उससे निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी। – दो प्रति में।
- प्राचार्य डायट सहारनपुर के नाम 200 का डिमांड ड्राफट या खाता संख्या 50406537849 एवं आईएफएससी कोड $IDIB000S522$ इन्डियन बैंक में आनलाइन ट्रांसफर करके उसकी रसीद की फोटो कॉपी । – **चार प्रति में।**
- शपथ पत्र


# शपथ पत्र में क्या ?

- इस आशय का शपथ पत्र दे कि आपने आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेज सही हैं। किसी भी प्रकार की त्रुटि की दशा में आपका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
- यदि आपके पास स्नातक की डिग्री या अंकपत्र मूल रुप में नहीं है तो इस बात का शपथ पत्र मे उल्लेख करें की आप 7 कार्य दिवसों के अन्दर उक्त दस्तावेज जमा कर देंगे।
- यदि आपने स्नातक वर्ष 2024 से पूर्व उत्तीर्ण किया है तो इस बात का शपथ पत्र में उल्लेख करें कि आपने इस समयावधी में क्या किया है।

# दस्तावेज प्रवेश समिति के समक्ष कैसे प्रस्तुत करें?

- गत्ते की दो रेकार्ड फाइल में पर्व में उल्लिखित प्रवेश के समय आवश्यक पपत्रों को उसी क्रम में दोनो फाइलों में एक एक कॉपी लगाइए। सभी फोटो कॉपी प्रपत्रों को स्वप्रमाणित करिये।
- एक फाइल में शपथ पत्र मूल रुप में एवं दूसरी फाइल में इसका स्वप्रमाणित फोटो कॉपी लगाइए।
- हाथ से भरे आवेदन पत्र पर लगी फोटो पर क्रास हस्ताक्षर करें।
- अपने सपस्त दस्तावेजो की मूल प्रति एक बन्द डाक्युमेन्ट फाइल में रख कर प्रस्तुत करें। यह दस्तावेज प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के पास जमा रहेंगे। अतः इन सभी दस्तावेजों की फोटो कॉपी अपने पास अवश्य रख लें।

रेकार्ड फाइल का प्रतिरुप




डॉक्युमेट फाइल का प्रारुप



# रेकार्ड फाइलों पर क्या लिखें?

- रजिस्ट्रेशन संख्या – ...................................................
- गुणांक –........................
- कटेगरी – ..............
- नाम – .................................
- पिता का नाम – .......................
- स्थाई पता –
- पत्र व्यवहार का पता – ..........
- मोबाइल नम्बर – .......
- व्हाटसएप नम्बर – ..........